दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 11.09.2023

प्रकाशनार्थ

दिनांक 11.09.2023 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण विभाग (बी.एड. विभाग) में यूथ पीस फॉन्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में शान्ति एवम मानवता के संस्कृति का विकास विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार में विश्व शांतिदूत श्री प्रेम रावत जी के शांति के संदेश का शांत और सफल इवेंट ऑडियो–वीडियो माध्यम से संपन्न हुआ। सेमिनार में जीवन में वैश्विक स्तर पर शान्ति स्थापित करने के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की गई तथा एनिमेशन फिल्म, स्टोरी आदि के माध्यम से शान्ति प्राप्त करने के तरीकों को प्राप्त कर सकते हैं। जीवन में मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के बाद जब व्यक्ति अपनी इच्छाओं एवम् चाहतों का असिमित विस्तार करना चाहता है, तो उसके जीवन में अशांति धीरे धीरे अपना घर बनाती चली जाती है। इन सबसे बचने के लिए हमें अपने अन्दर हृदय में स्थित शान्ति की खोज स्वयं ही करनी होगी। शान्ति हेतु हमें अपने अन्दर की लय को पहचनना होगा, जानने और विश्वास करने का अन्तर सीखना होगा, कठिन समय के लिए बोझ को हल्का करना होगा एवम् दयालुता के माध्यम से सम्पूर्ण बनने का प्रयत्न करना होगा।

सेमिनार कार्यक्रम के सफल आयोजन में वाईपीएफ एन.जी.ओ. टीम, गोरखपुर के 6 उत्साहित स्वयं सेवकों ने अपना योगदान दिया। बी.एड.विभाग के पुरातन छात्र सूरज कुमार कन्नौजिया का कार्यक्रम के आयोजन में सक्रीय भूमिका रही। विभाग के प्राध्यापक डॉ. सुभाष चन्द्र ने कहा कि शान्ति हमारे अन्दर हमारे अपने हृदय में ही स्थित है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल अयोजन हेतु एन जी ओ की पूरी टीम तथा उपस्थित प्राध्यापकगण और विद्यार्थियों का आभार ज्ञापन किया।

कार्यक्रम में विभाग के प्रभारी प्रो.अरुण कुमार तिवारी प्रो. शुभ्रा श्रीवास्तव, डॉ० सुभाष चंद्र, श्रीमति सुषमा राय, श्रीमति शालिनी पारीक, एवम चतुर्थ सेमेस्टर तथा तृतीय सेमेस्टर के समस्त प्रशिक्षु उपलब्ध रहे।

कार्यक्रम के अन्त में प्राध्यापकों एवम् छात्र–छात्राओं सहित सभी लोगों ने श्री प्रेम रावत जी को फिर से सुनने के लिए और मौका मिलने पर लाइव सुनने की भी इच्छा जाहिर की, इवेंट में उपस्थित सभी लोगों से फीडबैक फॉर्म भरवा कर लिए गए और प्रेम रावत जी की लिखी किताब स्वयं की आवाज की एक प्रति विभागाध्यक्ष को उपहार स्वरूप भेंट की गई

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क